# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 6374 /जीडीसी/स्था./2016 रायपुर, दिनांक 17-11-16

## // विज्ञापन //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में स्वीकृत एवं रिक्त निम्न पदों के लिये संविदा नियुक्ति हेतु निम्नलिखित शर्तो/अर्हतांये एवं प्रकिया अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र दिनांक 05/12/2016 की सायं 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आमंत्रित किये जाते है।

**रिक्त पदों का विवरण**

| क. | पदनाम | संविदा वेतन | रिक्त पद | | | | अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अजजा | अजा | अपिव | |
| 1 | डेन्टल मेकेनिक | 15638/- (एकमुश्त) | 01 | 01 | 01 | 01 | मान्यता प्राप्त संस्था से डेन्टल मेकेनिक में डिप्लोमा। |
| 2 | लैब टेक्नीशियन | 15638/- (एकमुश्त) | 01 | 01 | - | - | 1. जीवविज्ञान, भौतिकी शास्त्र एवं रसायन शास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलाजी टेक्नीशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। |

उक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु **दिनांक 15/12/2016 को प्रातः 12.00 से दोपहर 01.00 बजे तक** लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र निवास पते पर प्रेषित नहीं की जावेगी। उम्मीदवार परीक्षा तिथि के दिन एक घंटे पूर्व कार्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त करें।

**नोटः- इस विज्ञापन से संबंधित नियम, शर्ते एवं आवेदन का प्रारूप तथा अन्य जानकारी शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in पर उपलब्ध है, जिसे सूक्ष्म अवलोकन कर ही आवेदन करे।**

17/11/2016
प्राचार्य
**शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**

**नियम एवं शर्ते**

1. आवेदन पत्र निर्धारित ए–4 साईज के पेपर में कम्प्यूटर टाईप तैयार किया गया सुस्पष्ट होना चाहिये। आवेदन पत्र महाविद्यालय के वेब साईट से भी डाउन लोड किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को 10/– रूपये का डाक टिकट लगाकर एवं स्वयं का पत्राचार का पता लिखा हुआ 2 खाली लिफाफा साईज 10"X4" का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. उम्मीदवारों के द्वारा आवेदन के लिफाफों के उपर आवेदित पद का नाम, श्रेणी एवं जाति प्रवर्ग का स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों मे दर्शाया जाना अनिवार्य होगा।
4. आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
5. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र में रोजगार कार्यालय का नाम, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।
6. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यरत् कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र उन संस्थानों के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में निर्दिस्ट स्थान पर स्वयं का पास्पोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाकर राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कर आवेदन पत्र में निर्दिस्ट स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
8. उपरोक्त विज्ञापित पदों की संख्या में वर्गवार कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है। उपरोक्त पद पर भर्ती के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्यों पर निर्णय लेने का अधिकार प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा, महाविद्यालय, रायपुर एवं चयन समिति का होगा।
9. चयन उपरान्त कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों का कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदक को चाहिये की विज्ञापन में दिये गये निर्देशों का समग्र अध्ययन कर आवेदन पत्र में सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरे, यदि आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी, त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
11. उपरोक्त पदों पर किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिये किसी भी प्रकार की अनुशंसा अथवा दबाव वर्जित है ऐसा पाये जाने पर संबंधित आवेदक का आवेदन निरस्त किया जावेगा।
12. इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र के साथ समस्त आवश्यक अंक सूची/प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदक विज्ञापन में निर्धारित अर्हता के अनुसार अपनी अर्हता की स्वयं जांच कर आवेदन प्रस्तुत करें। चयन के किसी भी स्तर पर अनर्हक पाये जाने पर उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
13. दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने पर अभ्यर्थियों को समस्त प्रमाण की मूल प्रति एवं दो सेट फोटोकापी अभिप्रमाणित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. यदि कोई अभ्यर्थी जिसके दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26/01/2001 को या उसके पश्चात् हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

15. शासन अथवा संस्था द्वारा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने पर संविदा सेवा अवधि स्वमेव समाप्त हो जावेगी।

16. ऐसे उम्मीदवार जिन्होने विवाह हेतु निर्धारित आयु से पूर्व विवाह किया है, नियुक्ति के लिये अपात्र होंगे।

17. उपरोक्त संविदा नियुक्ति संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन होगी।

17/11/2016

प्राचार्य

**शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**

(रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन मान्य होंगे)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय,
एस्कार्ट हार्ट सेन्टर के सामने,
रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)

| स्व–प्रमाणित कलर पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें। (जो कि तीन माह से अधिक पुराना न हो) |
|---|

1. आवेदित पद का नामः–

2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम :–.................................................................

3. पिता/पति का नाम :–.................................................................

4. माता का नाम :–.................................................................

5. जन्मतिथि (अंको में) :–.................................................................

   शब्दों में :–.................................................................

   दिनांक 01/09/2016 की स्थिति में आयु :–वर्ष.....................माह.....................दिन............

6. जाति (अजजा/अजा/अ.पि.वर्ग/सामान्य) :– .................................................................
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण'–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

7. स्थायी पता :–.................................................................
   .................................................................

8. वर्तमान पता :–.................................................................
   .................................................................

9. रोजगार कार्यालय का नाम :–.................................................................
   क्रमांक एवं दिनांक :–.................................................................

10. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है (हां/नहीं):–.................................................................
    (छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

11. **शैक्षणिक योग्यता** – शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

12. क्या आप विवाहित है हां / नहीं :–...................................................
यदि हां तो विवाह की तिथि

13. जीवित संतानों की संख्या :–...................................................

14. क्या अभ्यार्थियों के विरूद्ध दाण्डिक :–...................................................

प्रकरण किसी पुलिस थाना / न्यायालय में लंबित है अथवा .
किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित
अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की
जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें।

15. आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है / थे :–...................................

(यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

16. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे स्वप्रमाणित दस्तावेजों का विवरण:–

1. ..............................................2. ..............................................
2. ..............................................4. ..............................................
5 ..............................................6..............................................
7 ..............................................8..............................................
9 ..............................................10..............................................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम..............................................

# घोषणा पत्र

मैं.................................................................................. शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने उक्त आवेदन पत्र का पूर्ण अध्ययन करने के पश्चात् ही अपने को पात्र उम्मीदवार मानते हुये भरा है एवं मेरे द्वारा आवेदन–पत्र में भरी हुई जानकारी पूरी सही है। यदि कोई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है तो मेरी चयन परीक्षा/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है जो मुझे मान्य होगी। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यताओं से सम्बद्ध पात्रता की सभी शर्ते पूरी करता/करती हूँ तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु किसी भी समय अंकसूची/प्रमाण पत्र की मूल प्रति मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। मैं यह भी घोषणा करती/करता हूँ कि मैं ही वह व्यक्ति हूँ जिसका विवरण इस आवेदन – पत्र में भरा गया है तथा नीचे किया गया हस्ताक्षर मेरी ही है। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।

स्थान :– ................................ अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

दिनांक :–...................................... नाम...........................................

# डेन्टल मेकेनिक/लैब टेक्नीशियन पद हेतु लिखित परीक्षा

## प्रवेश पत्र

पास्पोर्ट साईज चस्पा करें।

रोल नं. :– ..............................................................

उम्मीदवार के नाम :– ..............................................................

पिता/पति का नाम :– ..............................................................

जाति (अजजा/अजा/अ.पि.वर्ग/समान्य) ..............................................................

परीक्षा तिथि :– 15/12/2016

परीक्षा समय :– प्रातः 12.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक

परीक्षा स्थान :– शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय,
एस्कार्ट हार्ट सेन्टर के सामने,
रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)

नोटः–

1. लिखित परीक्षा में शामिल किये जाने का अर्थ चयनित होना नहीं है चयन के किसी भी स्तर पर अर्हक पाये जाने पर उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।
2. लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेगे। ऋणात्मक अंक प्रणाली लागू नहीं है।
3. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार के मोबाईल, केलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामाग्री रखना वर्जित है।
4. परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व (रिर्पोटिंग समय 11.30 बजे) परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देवे।
5. परीक्षा के समय केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर